

# न्यूजीलैड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

## रॉबिंसन-जैकब्स की बल्लेबाज़ी और हेनरी-डफी की गेंदबाज़ी से 21 रन की जीत

**हरारे 16 जुलाई. टिम रॉबिंसन ( नाबाद 75 ) और बेवन जैकब्स ( नाबाद 44 ) की शानदार पारियों के बाद जेकब डफी और मैट हेनरी ( तीन-तीन विकेट ) की दमदार गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने त्रिकोणीय श्रृंखला के दूसरे टी-20 मुकाबले में बुधवार को दक्षिण अफ्रीका को 21 रनों से हरा दिया .**

176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए लुआन-द्रे प्रेटोरियस और रीजा हेंड्रिक्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 34 रन जोड़े.

> न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने 3 .2 ओवर में 34 रन देकर तीन विकेट लिये . जेकब डफी ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट झटके . ईश सोढ़ी ने दो और मिचेल सैंटनर ने एक बल्लेबाज को आउट किया . इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया . टिम रॉबिंसन ( नाबाद 75 ) और बेवन जैकब्स ( नाबाद 44 ) रनों की पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टी-20 मुकाबले में निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया . पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही .

चौथे ओवर में मैट हेनरी ने लुआन-द्रे प्रेटोरियस 17 गेंदों में (27) को आउटकर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई. अगले ही ओवर में जेकब डफी ने रूबिन हरमन (एक) को आउटकर पवेलियन भेज दिया. मिचेल सैंटनर ने रीजा हेंड्रिक्स (16) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को तीसरा झटका दिया.

सेनुरन मुथुसामी सात रन बनाकर ईश सोढ़ी का शिकार बने. कप्तान रासी वान डेर डुसेन (छह) रनआउट हुये. इसके बाद 12वें ओवर में मैट हेनरी ने डेवाल्ड ब्रेविस को आउटकर न्यूजीलैंड को छठी सफलता दिलाई. डेवाल्ड ब्रेविस ने 18 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुए (35) रनों की पारी खेली. 14वें ओवर की पहली गेंद पर सोढ़ी ने कॉर्बिन बॉश (आठ) को पगबाधा आउट किया. 18वें ओवर में जेबक डफी ने जॉर्ज लिंडे (30) को कॉन्वे के हाथों कैच आउट कराकर दक्षिण अफ्रीका को झटका दिया. इसक बाद वेन मफाका (शून्य) को डफी ने चलता कर दिया.

# जडेजा इंग्लैंड में 1000 रन पूरे करने के करीब

**जडेजा का चमका बल्ला, भारत 22 रन से हारा**

**जडेजा की चौथी पारी में पहली फिफ्टी**



**लंदन, 16 जुलाई ( वार्ता ) दुनिया के नंबर एक आलराउंडर भारत के रवींद्र जडेजा इंग्लैंड में 1000 रन पूरा करने के करीब पहुंच गए हैं.**

जडेजा ने लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में नाबाद 61 रन बनाये लेकिन भारत यह मुकाबला 22 रन से हार गया. जडेजा का यह लगातार चौथा अर्धशतक था. उन्होंने बर्मिंघम और लॉर्ड्स दोनों में जुड़वां फिफ्टी लगाईं. उनसे पहले इंग्लैंड में लगातार चार 50+ स्कोर बनाने वाले केवल दो भारतीय बल्लेबाज हैं - सौरव गांगुली (2002) और ऋषभ पंत (2022 और 2025). लॉर्ड्स में आखिरी दिन उनकी नाबाद 61 रन की पारी टेस्ट की चौथी पारी में उनका पहला 50+ स्कोर था.

इंग्लैंड में जडेजा ने टेस्ट में नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए 942 रन बनाए हैं. इस लिस्ट में मेहमान बल्लेबाजों में उनसे ज्यादा रन सिर्फ गैरी सोबर्स (1097) ने बनाए हैं. इंग्लैंड में उनके नाम एक शतक और सात अर्धशतक हैं, गैरी सोबर्स (9) के बाद दूसरे स्थान पर हैं.

> इस लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ियों में 15 बल्लेबाज बोल्ड हुए, यह 1965 से खेले गए 2000 से अधिक मैचों में सबसे अधिक है . पिछली बार टेस्ट में 1965 में जॉर्जटाउन में वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए टेस्ट में 15 या उससे अधिक खिलाड़ी बोल्ड हुए थे .लॉर्ड्स में भारत की हार का रन से अंतर सिर्फ 22 रनों का था, जो टेस्ट में भारत की चौथी सबसे छोटी हार है .

## फ्लोरियन वेलब्रॉक ने जीता 10 किमी ओपन वाटर विश्व खिताब

**सिंगापुर.** फ्लोरियन वेलब्रॉक ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन करे हुए विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 किमी ओपन वाटर तैराकी स्पर्धा का खिताब फिर से अपने नाम कर लिया.यहां आयोजित स्पर्धा को जर्मनी के वेलब्रॉक ने इटली के ग्रेगोरियो पाल्ट्रिनिएरी को आखिरी क्षणों में मात देते हुए 1:59:55:50 समय के साथ स्वर्ण पदक जीता. यह स्पर्धा पानी की खराब गुणवत्ता के कारण स्थगित कर दी गई थी.3.70 सेकंड पीछे रहे पाल्ट्रिनिएरी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा.

# लक्ष्य और सात्विक-चिराग अंतिम-16 में

- सिंधु और उन्नति पहले दौर में टूर्नामेंट से बाहर
- लक्ष्य सेन ने वांग झेंग जिंग को सीधे गेम में हराया



**टोक्यो, 16 जुलाई. लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने बुधवार को अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर जापान ओपन 2025 के अगले दौर में जगह बना ली है.**

सेन ने संयमित प्रदर्शन करते हुए चीन के वांग झेंग जिंग को 21-11, 21-18 से हराया. सेन का दूसरे दौर में जापान के स्टार खिलाड़ी कोडाई नाराओका से मुकाबला होगा.

वहीं पुरुष युगल के मुकाबले में, सात्विक और चिराग ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की और दक्षिण कोरिया के कांग मिन-ह्युक और की डोंग-जू की जोड़ी को 21-18, 21-10 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया.पीवी सिंधु और उन्नति हुड्डा महिला एकल ड्रॉ के पहले दौर में ही हारकर बाहर हो गईं.

## एक नजर में



### लुकास ने रियल मैड्रिड को कहा अलविदा

**मैड्रिड.** स्पेनिश दिग्गज रियल मैड्रिड ने बुधवार को पुष्टि की कि डिफेंडर लुकास वाज़क्वेज़ क्लब छोड़ देंगे . उनका अनुबंध सीजन के अंत में समाप्त हो गया था, हालांकि फीफा क्लब विश्व कप के लिए उन्हें एक अल्पकालिक अनुबंध विस्तार दिया गया था, जिसमें उन्होंने इस गर्मी में संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रतिस्पर्धा की थी . रियल मैड्रिड के अध्यक्ष फ्लोरेंटिनो पेरेज़ ने एक बयान में कहा, वाज़क्वेज़ रियल मैड्रिड के मूल्यों का अनुकरणीय प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने उन्हें हमारे प्रशंसकों द्वारा सबसे पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक बना दिया है . उन्होंने आगे कहा कि वाज़क्वेज़ कड़ी मेहनत, दृढ़ता, विनम्रता और जीतने की भावना का प्रतीक हैं जो इस जर्सी में सफल होने के लिए आवश्यक हैं . मूल रूप से विंगर के रूप में खेलने वाले 34 वर्षीय वाज़क्वेज़ ने क्लब के साथ 23 ट्रॉफियां जीतीं, जिनमें पांच चैंपियंस लीग और चार ला लीगा खिताब शामिल हैं, मुख्य रूप से एक स्क्वाड खिलाड़ी के रूप में . वाज़क्वेज़ ने एक विदाई वीडियो में कहा, मैं रियल मैड्रिड छोड़ रहा हूँ, लेकिन रियल मैड्रिड मुझे कभी नहीं छोड़ेगा .

### गांगुली से जोफ्रा आर्चर को मिली प्रेरणा : स्टोक्स



**लंदन .** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने खुलासा किया है कि भारत की 2002 में इंग्लैंड पर ऐतिहासिक जीत के बाद सौरव गांगुली द्वारा लॉर्ड्स की बालकनी में शर्ट लहराने की घटना ने जोफ्रा आर्चर को तीसरे टेस्ट मैच में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया .गांगुली ने नेटवेस्ट ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल में भारत की जीत का जश्न मनाने के लिए अपनी शर्ट उतार दी थी, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के यादगार पलों में से एक है . आर्चर ने तीसरे टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन सोमवार को खतरनाक ऋषभ पंत को बोल्ड किया और वाशिंगटन सुंदर का शानदार कैच लिया . भारत यह मैच 22 रन से हार गया था . स्टोक्स ने मैच के बाद बताया कि उन्होंने आर्चर को 2019 विश्व कप जीत की याद दिलाई, लेकिन तेज गेंदबाज ने 2002 में गांगुली के उस पल को याद किया . स्टोक्स ने कहा, वह वाकई कमाल का लड़का है . छोटे लक्ष्य के सामने ऋषभ पंत का विकेट वास्तव में महत्वपूर्ण था . मुझे पूरा विश्वास था कि जोफ्रा आज कुछ ऐसा करने वाला है जिससे मैच में अंतर पैदा हो जाए .चोट के बाद वापसी करने वाले स्टोक्स ने भारत पर दबाव बनाए रखने के लिए 9 .2 और 10 ओवर का स्पैल पूरा किया .

### फैंस का हीरो बना रोनाल्डो फिर



**रियाद .** अल नासर के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 2025/26 सऊदी प्रो लीग अभियान में अपने योगदान के लिए फैंस प्लेयर ऑफ द सीजन अवार्ड जीता है .40 वर्षीय फॉरवर्ड ने लीग के 34 मैचों में 15 बार मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता . लीग ने बुधवार को सोशल मीडिया पर इस खबर की घोषणा की . पुर्तगाली स्ट्राइकर ने हाल ही में अल नासर के साथ अपना अनुबंध दो साल के लिए बढ़ाया है . उन्होंने सऊदी क्लब के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 105 मैचों में 93 गोल और 19 असिस्ट दर्ज किए हैं, लेकिन अभी तक लीग खिताब नहीं जीत पाए हैं .हाल ही में समाप्त हुए सीज़न में, अल नासर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा, जिससे वह अगले साल की एएफसी चैंपियंस लीग एलीट में जगह बनाने से चूक गया और इसके बजाय एएफसी चैंपियंस लीग 2 में खेलेगा .रोनाल्डो ने हाल ही में अपना तीसरा अंतरराष्ट्रीय खिताब भी जीता, जब पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग जीतने के लिए स्पेन को हराया .

# रूट ने फिर हासिल की नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग

- रूट के 888 अंक, हैरी ब्रूक को पछाड़कर पहुंचे शीर्ष पर
- 34 की उम्र में रूट बने सबसे उम्रदराज नंबर 1 बल्लेबाज़



**दुबई, 16 जुलाई. इंग्लैंड के जो रूट ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत लॉर्ड्स में भारत पर 22 रनों की जीत के साथ आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है.**

रूट (888 रेटिंग अंक) ने 104 और 40 रनों की पारी की बदौलत हमवतन हैरी ब्रूक (862) को पछाड़कर नंबर 1 स्थान हासिल किया, जिससे मेजबान टीम ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली. रूट का यह आठवां शीर्ष स्थान है और 34 साल की उम्र में, वह दिसंबर 2014 में 37 वर्षीय कुमार संगकारा के बाद से नंबर 1 पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज बल्लेबाज हैं. ऑस्ट्रेलियाई स्टीव स्मिथ (816) भी जमैका में वेस्टइंडीज के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में किए गए शानदार प्रदर्शन की बदौलत शीर्ष 10 में एक स्थान ऊपर चढ़े हैं. स्मिथ ने मेहमान टीम की जीत में 48 रन बनाए, जबकि उनके साथी कैमरन ग्रीन 46 और 42 रन की पारी की बदौलत 16 स्थान की छलांग लगाकर 29वें (619) स्थान पर पहुंच गए.

> कैरेबियन में गुलाबी गेंद से गेंदबाजों ने दूधिया रोशनी में शानदार प्रदर्शन किया, स्कॉट बोलैंड के टेस्ट में छह विकेट (और एक हैट्रिक) लेने के प्रयास ने उन्हें करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंचा दिया . उनके 62 टेस्ट विकेट केवल 16 .53 की औसत से आए हैं, उनसे बेहतर औसत से केवल जॉर्ज लोहमैन और सिडनी बार्न्स ने ही टेस्ट विकेट लिए हैं, जो 110 साल से भी पहले खेले थे . इस बीच, मिशेल स्टार्क के अविश्वसनीय प्रदर्शन के बावजूद उनकी रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ .

## रुचिका ने अमेरिका में जीते 5 कांस्य पदक

**चंडीगढ़.** हरियाणा में गुरुग्राम जिले की होनहार साइक्लिस्ट रुचिका सिंह ने अमेरिका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय साइक्लिंग टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच कांस्य पदक जीतकर न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है.

गुरुग्राम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिह सैनी ने बुधवार को रुचिका को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनायें दी. इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविन्द सैनी और सॉफ्टबॉल के जिला महासचिव विनोद वर्मा और अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे.

## वॉन ने गिल की बल्लेबाजी पर उठाए सवाल



**लंदन. इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय कप्तान शुभमन गिल के प्रदर्शन पर सवाल उठाए हैं.**

वॉन के अनुसार, गिल दूसरी पारी में तकनीकी रूप से मजबूत नहीं दिखे और उनमें धैर्य की कमी भी नजर आई.गिल ने हालांकि श्रृंखला के पहले दो टेस्ट मैचों में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें हेडिंग्ले में शतक और बर्मिंघम में शतक व दोहरा शतक जड़कर कई रिकॉर्ड तोड़े थे. उनकी शानदार बल्लेबाजी से भारत ने बर्मिंघम टेस्ट 336 रन से जीता था. लेकिन लॉर्ड्स टेस्ट में वह केवल 16 और 6 रन ही बना सके, जिससे भारत को 22 रन से हार का सामना करना पड़ा.

**स्टोक्स की कप्तानी और ऑलराउंड प्रदर्शन की प्रशंसा**

वॉन ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की जमकर प्रशंसा की . उन्होंने कहा कि मेजबान टीम की रोमांचक जीत कप्तान की विजयी मानसिकता पर आधारित थी, जो पूरी टीम में दिखाई दी . वॉन ने कहा, इंग्लैंड को बेन स्टोक्स जैसा कप्तान कभी नहीं मिला . ऐसा कप्तान जो कभी हार नहीं मानता... अपने कौशल और दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर मैच को अपने पक्ष में कर लेता है .

# जितेश शर्मा करेंगे बड़ौदा से नई शुरुआत

## क्रुणाल पांड्या से नजदीकी ने बदला रणजी करियर का रुख



**नयी दिल्ली, 16 जुलाई. विदर्भ और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर जितेश शर्मा आगामी सत्र में बड़ौदा का प्रतिनिधित्व करेंगे.**

31 वर्षीय जितेश शर्मा 2024-25 रणजी ट्रॉफी के दौरान किसी भी मैच में नहीं खेले और कप्तान और पहली पसंद विकेटकीपर अक्षय वाडकर के बाद दूसरे स्थान पर रहे. वह करुण नायर की अगुवाई वाली विदर्भ की सीमित ओवरों की टीम का हिस्सा बने रहे.

बड़ौदा में स्थानांतरण की योजना पिछले कुछ समय से चल रही थी, और माना जा रहा है कि बड़ौदा के कप्तान क्रुणाल पांड्या के साथ जितेश के घनिष्ठ संबंधों ने इस कदम को आसान बनाया. क्रुणाल पांड्या इस साल की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की पहली आईपीएल खिताबी जीत के दौरान उनके साथी खिलाड़ी थे. इस बदलाव से जितेश को प्रथम श्रेणी क्रिकेट में नियमित खिलाड़ी के रूप में अपनी जगह पक्की करने का एक नया मौका मिल सकता है. 2015-16 में पदार्पण करने के बाद से, जितेश पिछले दस सत्रों में केवल 18 प्रथम श्रेणी मैचों में ही खेल पाए हैं. उनका औसत 24.48 का है, जिसमें चार अर्धशतक शामिल हैं. उनका सबसे हालिया प्रथम श्रेणी मैच लगभग 18 महीने पहले खेला गया था.

> लाल गेंद वाले क्रिकेट में सीमित मैच खेलने के बावजूद, जितेश ने पिछले कुछ वर्षों में छोटे प्रारूपों में अपनी छाप छोड़ी है . 2023 में पंजाब किंग्स के लिए खेलने के बाद, जितेश ने उसी साल अक्टूबर में एशियाई खेलों के दौरान भारत के लिए टी20 में पदार्पण किया . उन्होंने नौ टी20 मैच खेले हैं . इस साल की शुरुआत में, जितेश ने आईपीएल 2025 में आरसीबी के लिए फिनिशर की भूमिका निभाई थी .

**तीसरा टेस्ट मैच** | स्टोक्स-जडेजा की टक्कर, शास्त्री ने बताए भारत की हार के टर्निंग पॉइंट्स

# थोड़ा भाग्य साथ होता तो 3-0 से आगे होता भारत : शास्त्री



**लंदन, 16 जुलाई. लॉर्ड्स में खेला गया तीसरा टेस्ट मैच इंग्लैंड और भारत के बीच एक जबरदस्त मुकाबला रहा, जिसमें ज्यादातर समय दोनों टीमों के बीच कोई ख़ास फर्क नहीं पड़ा. लेकिन आखिरकार मेजबान टीम ने बढ़त हासिल कर ली और कड़े मुकाबले में जीत हासिल की.**

जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स की अगुवाई में इंग्लैंड के गेंदबाजों ने चौथे दिन के आखिरी और पांचवें दिन के शुरुआती सत्र में नाटकीय रूप से भारतीय टीम को धराशायी कर दिया और 193 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही भारत की टीम को 170 रनों पर समेट दिया. हालांकि आईसीसी के नंबर 1 टेस्ट ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने जबरदस्त वापसी की.

> शास्त्री का मानना है कि मैच के कुछ चरणों में भारत शीर्ष पर था, लेकिन इंग्लैंड को जरूरी मौकों का फायदा उठाने के लिए पूरा श्रेय दिया जाना चाहिए . उन्होंने कहा, इंग्लैंड की तारीफ करनी होगी . जब हालात मुश्किल हुए, तो उन्होंने उन मौकों का पूरा फायदा उठाया . और जब उन्हें कोई रास्ता दिखाई दिया, तो उन्होंने उसे पूरी तरह से तोड़ दिया . उन्होंने कहा, अगर आपने पिछले दिन दो विकेट कम खोए होते, तो मुझे लगता है कि भारत उस लक्ष्य का पीछा कर लेता .

एक रोमांचक टेस्ट मैच में, जो लगातार आगे-पीछे होता रहा, शास्त्री ने उन अहम पलों की ओर इशारा किया जिन्होंने पलड़ा इंग्लैंड के पक्ष में झुका दिया, ठीक उस समय जब भारत का पलड़ा भारी लग रहा था. रवि शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू के नवीनतम संस्करण में कहा, इस टेस्ट मैच में मेरे लिए टर्निंग पॉइंट, सबसे पहले, पहली पारी में ऋषभ पंत का आउट होना था. बेन स्टोक्स, लंच के समय दाहिने छोर पर हिट करने और उसे सफलतापूर्वक आउट करने के लिए अद्भुत सूझबूझ का परिचय देते हैं. क्योंकि भारत बढ़त बना सकता था और वे ड्राइवर सीट पर थे. भारतीय उप-कप्तान पंत 74 रन बनाकर खेल रहे थे, लेकिन स्टोक्स की शानदार फील्डिंग ने उन्हें तीसरे दिन लंच के समय ड्रेसिंग रूम वापस भेज दिया.

शास्त्री ने कहा, यह कहने के बाद, दूसरी पारी में एक बार फिर 40/1 के स्कोर पर, मुझे लगा कि करुण नायर की एकाग्रता में बहुत बड़ी चूक थी.

## लिवरपूल की न्यूकैसल के इसाक पर बड़ी बोली की तैयारी - रिपोर्ट

लंदन. रिपोर्टों के अनुसार, प्रीमियर लीग चैंपियन लिवरपूल न्यूकैसल के स्ट्राइकर अलेक्जेंडर इसाक के लिए 120 मिलियन (.160 मिलियन) की बड़ी बोली पर विचार कर रहा है, हालांकि न्यूकैसल उन्हें बेचना नहीं चाहता. डिएगो जोटा के निधन के बाद लिवरपूल के बॉस आर्ने स्लॉट को नए फॉरवर्ड की तलाश है, जिसमें इसाक उनकी शीर्ष पसंद हैं. इसाक 2022 में रियल सोसिदाद से 63 मिलियन में न्यूकैसल में शामिल हुए थे. उन्होंने पिछले सीज़न में 23 प्रीमियर लीग गोल कर क्लब को तीन साल में दूसरी बार चैंपियंस लीग में पहुंचाया.